परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 01-11-2026

- **डीआईजी बस्ती द्वारा एसपी बस्ती के साथ यातायात माह का किया गया उद्घाटन।**
- **यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना।**

आज दिनांक 01 नवम्बर 2026 को श्री संजीव त्यागी, पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती द्वारा श्री ओमवीर सिंह पुलिस अधीक्षक बस्ती के साथ यातायात माह नवंबर 2026 का उद्घाटन कर शास्त्री चौक (झण्डा चौराहा) बस्ती से यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

डीआईजी बस्ती द्वारा बताया गया कि चिन्हित हॉटस्पॉट ऑन पर ड्यूटी लगाकर तथा डाटाओं का विश्लेषण कर कार्यवाही करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जाएगी। नवंबर माह यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। माह मे यातायात/ जनपद के समस्त थानों की पुलिस द्वारा आम नागरिको/छात्र-छात्राओ को नुक्कड़ नाटकों और विभिन्न माध्यमों से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी तथा उनका पालन करने की अपील की जाएगी।

उक्त अवसर पर श्री श्यामकांत अपर पुलिस अधीक्षक, सुश्री मानसी दहिया सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारीगण व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण के साथ सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती